समाचार

निगम में 04 कर्मचारियों की हुई अनुकम्पा नियुक्ति

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नवनियुक्त कर्मचारियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र)

कोरबा 12 जून 2026 – नगर पालिक निगम कोरबा में 04 कर्मचारियों की अनुकम्पा नियुक्ति की गई है, आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने इन सभी नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये उन्हें पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

नगर पालिक निगम कोरबा के 04 दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है, की गई नियुक्ति के अनुसार श्रीमती संगीता श्रीवास्तव को सहायक ग्रेड–3 के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी गई है, तो वहीं अमरजीत राठौर को स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त हुई है। इसी प्रकार श्रीमती शशि माली एवं श्रीमती मनीषा बिंझवार को भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने इन सभी नवनियुक्त कर्मचारियों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।